भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
ईमेल: crpd@sbi.co.in





# AWARDS & ACCOLADES




SBI was awarded the **"Company of the Year Award – 2023"** by the **ET Awards** for Corporate Excellence 2023 on 15.03.2024.




SBI Featured among the **top 25 strongest Brands globally** for 2024 – Brand Finance Annual Report on most valuable and **Global Brands – Global 500 2024.** *(19.01.2024)*



SBI Chairman was honoured with the **Indian of the year award (IOTY) 2023** in the business category at **CNN – News 18 awards** on 10.01.2024.




SBI was recognized as the **"Best Bank in India"** for the year 2023 by **Global Finance Magazine** at its 30th Annual Best Banks Awards event. The award ceremony took place in Marrakech, **Morocco** during the occasion of 2023 IMF/WB Annual Meetings held from 9th to 15th October 2023.




**Most trusted BFSI Brands 2023-24**, on 21.06.2023, by the Economic Times Group.



SBI received the **"India's Best Annual Report Awards 2023"** award




Won 4 **awards** at **DIGIXX 2024 Summit & Awards** on 22.03.2024 at New Delhi.

- Brand of the Year
- Best Influencer marketing Campaign
- best use of Social Media
- PR/ Online Reputation Management



SBI received the **"Iconic Banking Brand"** award at the 3rd edition of **Navbharat BFSI 2023** presented by the Honorable Speaker of Maharashtra Legislative Assembly on 13.01.2024



SBI received the Top Performing Bank award under **EASE 5.0** of PSBs Reforms Agenda.




Dunn & Bradstreet Award in the Category – **PSU Banks over 4 lacs crore assets** size at the PSU & Government Summit 2023 on 07th October 2023.



SBI received the **"ICAI Awards for Excellence in Financial Reporting"** award

# सेवानिवृत्त बैंक अधिकारीयों की संविदा आधार पर नियुक्ति

## विज्ञापन सं. CRPD/RS/2024-25/08

## आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण: दिनांक 07.06.2024 से 27.06.2024 तक

भारतीय स्टेट बैंक निम्नलिखित पद पर स्टेट बैंक और पूर्ववर्ती सहयोगी बैंकों (पूर्ववर्ती सहयोगी बैंकों) के सेवानिवृत्त अधिकारियों की **संविदा आधार** पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

1. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पहले, वे यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि पर उक्त पद के लिए दिए गए योग्यता मानदंडों को पूरा करते हैं.
2. **उम्मीदवारों को सभी अपेक्षित दस्तावेज (नियतकार्य का ब्यौरा, पहचान का प्रमाण, आयु का प्रमाण आदि), अवश्य अपलोड करें ऐसा न करने पर शॉर्टलिस्टिंग/ साक्षात्कार के लिए, उनके आवेदन/ उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा.**
3. उम्मीदवार की उम्मीदवारी/शॉर्टलिस्टिंग अनंतिम होगी और उम्मीदवार के साक्षात्कार (यदि बुलाया जाए तो) के लिए रिपोर्ट किए जाने पर संपूर्ण ब्यौरे/दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों के साथ संतोषजनक सत्यापन किए जाने के अधीन होगा.
4. यदि किसी उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और यदि वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है तो उसे साक्षात्कार की अनुमति नहीं दी जाएगी.
5. साक्षात्कार प्रक्रिया में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा. उम्मीदवार अपने खर्चे पर साक्षात्कार में शामिल होंगे.
6. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers** या **https://www.sbi.co.in/web/careers** को नियमित रुप से, विवरणों एवं नई जानकारी (शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची सहित) हेतु देखें. **कॉल (पत्र/सूचना), जहां आवश्यक हो, केवल ईमेल द्वारा भेजा जाएगा (कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी).**
7. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) केवल बैंक की करियर वेबसाइटों पर ही अपलोड किए जाएंगे.**
8. यदि अंतिम मेरिट लिस्ट (कट–ऑफ बिंदु पर समान अंक) में एक से अधिक उम्मीदवारों के कट–ऑफ अंकों के रूप में एकसमान अंक आते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अनुसार अवरोही क्रम में स्थान दिया जाएगा.
9. इस कार्यालय को आवेदन एवं अन्य दस्तावेजों की कागजी प्रतियाँ न भेजें.
10. **ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के बाद किसी भी उम्मीदवार की श्रेणी में कोई बदलाव की अनुमति नहीं है.**

| क. | पद/विभाग/रिक्तियाँ/तैनाती स्थान/पात्रता इत्यादि का विवरण: | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | व्यापार वित्त पुनरोद्धार परियोजना और योनो व्यवसाय के लिए सेवानिवृत्त अधिकारी |
| 2 | विभाग | डिजिटल बैंकिंग एवं रूपांतरण और ई–कॉमर्स विभाग |
| 3 | रिक्त स्थानों की संख्या$ | (see below) |
| 4 | तैनाती का स्थान | हैदराबाद (बैंक अपनी आवश्यकता के अनुसार भारत में कहीं भी तैनाती करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.) |
| 5 | शैक्षणिक योग्यता/ अपेक्षित अनुभव – | (see below) |
| 6 | नियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड (28.05.2024 तक) | (see below) |

**3. रिक्त स्थानों की संख्या$**

| अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | यूआर | कुल रिक्तियाँ | पीडब्ल्यूबीडी* वीआई |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | -- | 01 | -- | 05 | 07 | 01 |

*(समस्तरीय रिक्ति)

**$ -** उल्लिखित रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और बैंक की वास्तविक रिक्ति के अनुसार बदल सकती है.

आरक्षित श्रेणी के ऐसे उम्मीदवारों को आयु में कोई छूट उपलब्ध नहीं होगी. तथापि दिव्यांग व्यक्ति सहित आरक्षित श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार जिनके लिए कोई आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, वे सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों.

**संक्षेपाक्षर: यूआर–** अनारक्षित श्रेणी; **अ.पि.व.–** अन्य पिछड़ा वर्ग; **अ.जा.** – अनुसूचित जाति, **अ.ज.जा.** – अनुसूचित जनजाति; **ईडब्ल्यूएस** – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; e-ABs- एसबीआई का पूर्ववर्ती सहयोगी बैक; **पीडब्ल्यूबीडी –** बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार; **वीआई –** दृष्टि बाधित;

**5. शैक्षणिक योग्यता/ अपेक्षित अनुभव–**

| शिक्षा : | चूंकि, आवेदक भारतीय स्टेट बैंक और पूर्ववर्ती सहयोगी बैंकों (e-ABs) के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं, इसलिए किसी विशिष्ट शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है. |
|---|---|
| **अनुभव (यदि कोई हो):** | वेतनमान III, IV, V में सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी, जिसके पास व्यापार वित्त / अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग/ फॉरेक्स डोमेन में काम करने का 5 वर्ष का अनुभव हो. |

**6. नियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड (28.05.2024 तक)**

i. सेवानिवृत्त अधिकारी के कार्यनिष्पादन का ट्रैक रिकार्ड अच्छा होना चाहिए और उन्हें बैंक प्रणाली एवं प्रक्रियाओं का ज्ञान होना चाहिए.
ii. अनुबंध के नवीकरण से संबंधित अन्य शर्तों के अधीन, नियुक्ति अधिकतम 65 वर्ष की आयु तक ही होगी. इस प्रकार, नई नियुक्ति के लिए विज्ञापन की तारीख अर्थात् 28.05.2024 को अधिकतम आयु 63 वर्ष होनी चाहिए.
iii. सेवानिवृत्त अधिकारी 60 वर्ष की आयु होने पर ही बैंक सेवा से सेवानिवृत्त होना चाहिए. स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त/ त्यागपत्र/ निलंबित या सेवानिवृत्ति की आयु से पहले ही बैंक छोड़ने वाले अधिकारी नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के लिए पात्र नहीं हैं. हालाँकि, दिनांक 21.06.2022 के ई–परिपत्र संख्या CDO/P&HRD-PM/20/2022-23 के अनुसार बैंक से वास्तविक पृथक्करण की तिथि पर 58 वर्ष की आयु और 30 वर्ष की सेवा/पेंशन योग्य सेवा (दोनों शर्तों को पूरा करना आवश्यक है) पूरी करने वाला अधिकारी 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर बैंक में नियुक्ति/पैनल में शामिल होने के लिए पात्र होगा.
iv. अधिकारी की ईमानदारी संदिग्ध न हो.
v. कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के तत्काल पूर्व के पांच वर्षों के दौरान उस पर कोई जुर्माना/ पैनल्टी (सेंश्योर या उच्चतर) नहीं लगाई गई हो.
vi. कर्मचारी के विरुद्ध सीबीआई या अन्य किसी विधि प्रवर्तन एजेंसियों के मामले लंबित न हो.
vii. सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए और किसी बड़ी बीमारी से पीड़ित न हो.
viii. बैंक में सेवानिवृत्त अधिकारियों की नियुक्ति संविदा आधार पर होगी और इसे पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के लिए सेवा में विस्तार नहीं माना जाएगा.
ix. सेवानिवृत्त अधिकारी नियुक्ति अवधि के दौरान किसी प्रशासनिक/ वित्तीय अधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे.
x. सेवानिवृत अधिकारी नियुक्ति अवधि के दौरान चिकित्सा या किसी अन्य लाभ की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र नहीं होगा. हालांकि, वे बैंक के पेंशनभोगी के रूप में उन्हें मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाते रहेंगे.
xi. उत्तम सेवा रिकॉर्ड वाले एसबीआई और उसके पूर्ववर्ती सहयोगी बैंकों (पूर्व सहयोगी बैंक) के सेवानिवृत्त अधिकारी जो मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान–तीन **(एमएमजीएस–III),** वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान–चार **(एसएमजीएस–IV)** और वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान–पाँच **(एसएमजीएस–V)** के रूप में सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्हें उपरोक्त पदों पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा.
xii. बैंक में उनकी संविदा की अवधि के दौरान सेवानिवृत्त अधिकारी किसी अन्य संगठन से कोई कार्य स्वीकार नहीं करेंगे.
xiii. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त–पदों सहित रिक्त–पदों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.
xiv. ऐसे उम्मीदवार जो ओबीसी श्रेणी से संबंधित हैं लेकिन 'क्रीमी लेयर' से आते हैं, वे ओबीसी आरक्षण के लिए पात्र नहीं होंगे. उन्हें आवेदन में अपनी श्रेणी 'सामान्य' के रूप में दर्शानी चाहिए.
xv. **साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में 01.04.2024 से साक्षात्कार की तारीख तक की अवधि के दौरान जारी किया गया नॉन–क्रीमी लेयर खंड युक्त ओबीसी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा. उक्त तारीख के बाद 'आय और संपत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा और उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.**
xvi. अजा/अजजा/ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को **भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप** में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण–पत्र जमा करना होगा.
xvii. इंगित अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए है. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को ऊपरी आयु में कोई छूट उपलब्ध नहीं होगी.
xviii. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार को **भारत सरकार** के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

<table>
<tr><td>7</td><td>सेवा नियम</td><td>नियुक्त किए जाने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारी स्टेट बैंक अधिकारी सेवा नियमों या अन्य किसी सेवा शर्त के अधीन नहीं होंगे लेकिन नियुक्ति प्रस्ताव की शर्तों से बाध्य होंगे.</td></tr>
<tr><td>8</td><td>पीएफ/बोनस/पेंशन/बकाया</td><td>संविदा अवधि को सेवानिवृत्त लाभों/ पीएफ/ बोनस/ ग्रेच्युटी आदि के लिए सेवा नहीं माना जाएगा.</td></tr>
<tr><td>9</td><td>संविदा की समाप्ति</td><td>बैंक में सेवानिवृत्त अधिकारियों की नियुक्ति को बैंक में पुनर्नियोजन का मामला नहीं माना जाएगा. बैंक/सेवानिवृत्त अधिकारी किसी भी समय 30 दिनों की नोटिस अवधि या उसके बदले में एक महीने की परिलब्धियों के विकल्प के साथ नियुक्ति संविदा को रद्द/समाप्त कर सकता है. इसके अलावा, यदि सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना 7 दिन से अधिक अवधि के लिए ऐसा पूर्व अधिकारी कार्य से अनुपस्थित रहता है तो बैंक के पास तत्काल प्रभाव की सूचना देकर 30 दिन की परिलब्धियों की वसूली के साथ संविदा को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित है.</td></tr>
<tr><td>10</td><td>संविदा पर नियुक्ति के लिए करार का निष्पादन</td><td>कार्य शुरू करने से पहले सेवानिवृत्त कार्मिक को स्टाम्प पर सेवा स्तर करार (एसएलए) निष्पादित करना होगा.<br>बैंक में उनकी नियुक्ति की अवधि के दौरान यह संभावना है कि उन्हें कोई महत्वपूर्ण या गोपनीय स्वरूप की जानकारी हासिल हो जाए. वे उनकी कार्य अवधि के दौरान या उसके बाद उनके द्वारा प्राप्त जानकारी को किसी ऐसे व्यक्ति को प्रकट नहीं करेंगे जो यह जानने/ लेने के लिए प्राधिकृत नहीं है. प्रयोक्ता विभाग एक प्रणाली कार्यान्वित कर बैंक के ग्राहकों, दस्तावेजों, रिकॉर्ड और आस्तियों के संबंध में जानकारी की गोपनीयता को सुरक्षित रखना सुनिश्चित करेगा.</td></tr>
<tr><td>11</td><td>आयकर/टीडीएस</td><td>आयकर अधिनियम की धारा 192 के तहत आयकर काटा जाएगा. पारिश्रमिक पर किसी भी अन्य देनदारी की कटौती आयकर नियमों या समय–समय पर किसी अन्य नियम में उल्लिखित प्रचलित दरों के अनुसार स्रोत पर की जाएगी.</td></tr>
<tr><td>12</td><td>नई नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया</td><td>चयन प्रक्रिया: चयन शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा.<br>शॉर्टलिस्टिंग: न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं होगा. बैंक द्वारा गठित शार्टलिस्टिंग समिति शार्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके बाद बैंक द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाए जाएंगे. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाए जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.<br>साक्षात्कार: साक्षात्कार 100 अंकों का होगा. साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे. समिति का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.<br>मेरिट सूची: अंतिम चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों की अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी, बशर्ते कि उम्मीदवार न्यूनतम अर्हता अंक हासिल करें. यदि एक से अधिक उम्मीदवार एक समान निर्दिष्ट अंक हासिल करते हैं तो ऐसे उम्मीदवारों की उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में मेरिट रैंक प्रदान की जाएगी.</td></tr>
<tr><td>13</td><td>छुट्टियों की संख्या</td><td>सेवानिवृत्त अधिकारी एक वर्ष की नियुक्ति के दौरान 30 दिन की छुट्टी के लिए पात्र होंगे जिसे बैंक/ उस प्राधिकारी के अनुमोदन से नियुक्ति की अवधि के दौरान ले सकेंगे जिसको वे रिपोर्ट करेंगे. छुट्टी की गणना के लिए बीच में पड़ने वाले रविवार/ छुट्टियों को शामिल नहीं किया जाएगा. बैंक के पास प्रशासनिक अत्यावश्यकताओं के मद्देनजर छुट्टी के आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने के विवेकाधिकार का पूर्ण अधिकार होगा. नियुक्ति की अवधि के दौरान न ली गई छुट्टियां सामान्यतथा समाप्त हो जाएंगी. तथापि, यदि छुट्टी प्रशासनिक आधार पर अस्वीकार की जाती है और संविदा अवधि में नहीं ली जाती है तो इसका मौद्रिक क्षतिपूर्ति पैकेज घटक की दर से संविदा अवधि समाप्त होने पर नकदीकरण किया जा सकता है. एक वर्ष से कम या अधिक की अवधि के लिए छुट्टी की पात्रता आनुपातिक आधार पर निर्धारित की जाएगी.</td></tr>
<tr><td>14</td><td>नियुक्ति की अवधि</td><td>प्रारंभिक नियोजन एक वर्ष की अवधि या परियोजना के पूरा होने के लिए होगा जिसे संतोषजनक अर्धवार्षिक समीक्षा के अधीन एक वर्ष या परियोजना के पूरा होने तक, जो भी पहले हो, बढ़ाया जा सकता है. यदि परियोजना पूरी हो गई है और संविदा अवधि शेष है, तो अधिकारियों को उनके संविदा अवधि तक जीटीएफसी हैदराबाद में सहायता (हैंडहोल्डिंग) के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है.<br>बैंक के साथ सेवा संविदा की अवधि के दौरान, सेवानिवृत्त अधिकारी किसी अन्य संगठन के साथ कोई अन्य कार्यभार नहीं संभालेंगे क्योंकि यह नियोजन पूर्णकालिक कार्यों के लिए है. यदि बैंक यह पाता है कि पूर्व अधिकारी की सेवाएं सक्षम प्राधिकारी के संतोष के अनुरूप नहीं हैं तो बैंक पूर्व अधिकारी की सेवाएं समाप्त कर सकता है और बिना कोई कारण बताए यह निर्णय अंतिम होगा.</td></tr>
<tr><td>15</td><td>पारिश्रमिक</td><td>पारिश्रमिक मासिक आधार पर अदा किया जाएगा<br>व्यापार वित्त पुनरोद्धार/योनो बिजनेस अधिकारीयों के लिए निम्नानुसार:
<table>
<tr><th>क्रं.</th><th>सेवानिवृत्त अधिकारी का ग्रेड</th><th>अधिकतम अनुमेय मासिक प्रतिकर (नियत)</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>MMGS-III</td><td>Rs.45,000/-</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>SMGS-IV</td><td>Rs.50,000/-</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>SMGS-V</td><td>Rs.65,000/-</td></tr>
</table>
क) उपर्युक्त मुआवजा राशि परिलब्धियों के बिना और पेंशन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना है.<br>ख) बैंक द्वारा इस अवधि के दौरान न तो कोई आवास/फर्नीचर प्रदान किया जाएगा और न ही कोई अन्य लाभ/अनुलाभ/भविष्य निधि/पेंशन निधि और ग्रेच्यूटी की सदस्यता प्रदान की जाएगी तथा न ही कोई अन्य दावा स्वीकार किया जाएगा.<br>ग) लागू मौजूदा आयकर नियमों में वर्णित दरों के अनुसार स्रोत पर आयकर की कटौती की जाएगी.</td></tr>
<tr><td>16</td><td>भूमिका एवं जिम्मेदारियां</td><td><u>व्यापार वित्त पुनरोद्धार परियोजना के लिए नियुक्त अधिकारी : –</u><br>व्यापार वित्त पुनरोद्धार परियोजना टीम बैक-एंड अनुप्रयोगों में विभिन्न व्यापार वित्त यात्राओं के प्रक्रिया प्रवाह को फिर से तैयार कर रही है, यानी, एक्ज़िम बिल को निम्नलिखित जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी: –<br>➢ बैंक/आरबीआई/फेमा/अन्य दिशानिर्देशों का अनुपालन करने वाले दस्तावेज़/प्रक्रिया प्रवाह तैयार करने के लिए परियोजना टीम की सहायता करना.<br>➢ समाधान दस्तावेजों की तैयारी में जीटीएफसी हैदराबाद/चेन्नई या किसी अन्य स्थान पर टीसीएस बीए के साथ लगातार जुड़े रहना और टीएफ/वाईबी एप्लिकेशन के विकास और अनुकूलन में इनपुट प्रदान करना.<br>➢ यूआई/यूएक्स के लिए परियोजना टीमों के साथ वेंडर के साथ बातचीत करना और कार्यान्वयन के दायरे और अनुवर्ती कार्रवाई को अंतिम रूप देने के लिए इनपुट प्रदान करना.<br>➢ परीक्षण टीमों के साथ शामिल होना और परीक्षण को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए आवश्यक स्पष्टीकरण प्रदान करना.<br>➢ परियोजना वितरण की सुविधा के लिए बीयू, जीआईटीसी, वेंडरों, अन्य सेवा प्रदाताओं और स्थानीय टीमों के साथ समन्वय/चर्चा करना.<br>➢ परियोजना के लिए लागू एसओपी, उपयोगकर्ता मैनुअल, जॉब कार्ड आदि की तैयारी में एसबीआईसीआरएम/एसबीआईआईटी और परियोजना टीमों की सहायता करना.<br>➢ यदि आवश्यक हो, तो परियोजना शुरू होने के बाद जीटीएफसी को सहायता प्रदान करना.<br>➢ उपरोक्त एक निदर्शी कार्य प्रोफ़ाइल है और बैंक/परियोजना की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कोई अन्य गैर–प्रमुख कार्य जोड़ा जा सकता है.<br><u>योनो बिजनेस के लिए नियुक्त अधिकारी : –</u><br>योनो बिजनेस/ई–ट्रेड एक ग्राहक पोर्टल है जिसमें ग्राहक व्यापार वित्त से संबंधित लेनदेन के लिए डिजिटल अनुरोध करते हैं. अधिकारियों को निम्नलिखित भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ सौंपी जाएंगी: –<br>➢ बैंक/आरबीआई/फेमा और अन्य दिशानिर्देशों का अनुपालन करने वाले दस्तावेज़/प्रक्रिया प्रवाह की तैयारी के लिए वाईबी टीम की सहायता करना.<br>➢ जोखिम, अनुपालन और अन्य विनियामक दृष्टिकोण से यात्रा को प्रभावित किए बिना क्षेत्रों के युक्तिकरण में वाईबी टीम का समर्थन करने के लिए व्यापार वित्त में अपने अनुभव का उपयोग करना.<br>➢ समाधान दस्तावेज़ तैयार करने में टीसीएस बीए के साथ लगातार जुड़े रहना और टीएफ/वाईबी एप्लिकेशन के विकास और अनुकूलन में इनपुट प्रदान करना.<br>➢ यूआई/यूएक्स के लिए वेंडर भागीदारों के साथ बातचीत करना और कार्यान्वयन के दायरे और अनुवर्ती कार्रवाई को अंतिम रूप देने के लिए इनपुट प्रदान करना.<br>➢ परीक्षण टीमों के साथ शामिल होना और परीक्षण को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए आवश्यक स्पष्टीकरण प्रदान करना.<br>➢ वाईबी यात्राओं को सुचारू रूप से शुरू करने की सुविधा के लिए बीयू, आईटीटीएफ (जीआईटीसी), विक्रेता भागीदारों आदि के साथ समन्वय/चर्चा करना.<br>➢ वाईबी/ई–ट्रेड यात्राओं के लिए उपयोगकर्ता मैनुअल आदि की तैयारी के लिए एसबीआई एटीआई के साथ समन्वय करना.<br>➢ उपरोक्त एक निदर्शी कार्य प्रोफ़ाइल है और बैंक/परियोजना की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कोई अन्य गैर–प्रमुख कार्य जोड़ा जा सकता है.</td></tr>
<tr><td>17</td><td>पदनाम</td><td>जहां भी आवश्यक हो, पूर्व अधिकारी सहायता अधिकारी व्यापार वित्त पुनरुद्धार परियोजना (सपोर्ट ऑफिसर ट्रेड फाइनेंस रिवैम्प प्रोजेक्ट)/सपोर्ट ऑफिसर योनो बिजनेस के रूप में पदनाम का उपयोग कर सकते हैं. सभी नियुक्त सेवानिवृत्त कार्मिकों को उचित फोटो पहचान पत्र जारी किया जाएगा जिसमें एचआरएमएस सं., नियुक्ति की संक्षिप्त जानकारी तथा वैधता अवधि का उल्लेख किया जाएगा.</td></tr>
<tr><td>18</td><td>कार्य समय</td><td>सेवानिवृत्त अधिकारी सेवारत अधिकारी पर लागू या आवश्यकतानुसार सभी कार्य दिवसों पर सामान्य कार्य अवधि का पालन करेंगे.</td></tr>
</table>

**ख. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:**

साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/ सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. **कोई कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

**ग. आवेदन कैसे करें:**

उम्मीदवारों की सक्रिय **ईमेल आईडी** होनी चाहिए जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उन्हें अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

**घ. ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देश:**

i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers** या **https://www.sbi.co.in/web/careers** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा.

ii. ऑनलाइन पंजीकरण के बाद, उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे सिस्टम से उत्पन्न ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों का प्रिन्ट आउट लें.

iii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपना नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार 'दस्तावेज कैसे अपलोड करें' के अंतर्गत निदिष्ट दिशानिर्देशों के अनुसार अपनी फोटो और हस्ताक्षर अपलोड नहीं कर देता/देती. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक पढ़ें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे सबमिट करें. यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास लिख कर रखे लें.** वे पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके सहेजे गए आवेदन को फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो विवरण संपादित कर सकते हैं. कृपया ध्यान दें कि सहेजी गई जानकारी को संपादित करने की यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध होगी. एक बार आवेदन पूरी तरह से भर जाने के बाद, उम्मीदवार को इसे सबमिट करना चाहिए.

**ङ. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:**

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. नवीनतम फोटोग्राफ
ii. हस्ताक्षर
iii. व्यापार वित्त/ अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग/फॉरेक्स डोमेन में 5 वर्षों के अनुभव का संक्षिप्त विवरण (पीडीएफ)
iv. पहचान का प्रमाण (पीडीएफ)
v. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
vi. जाति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
vii. ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणन, (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
viii. शैक्षणिक योग्यता: संगत अंक तालिका/ डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
ix. अनुभव प्रमाण पत्र (पीडीएफ)
x. फॉर्म-16/प्रस्ताव पत्र/वर्तमान नियोक्ता से नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ)
xi. वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र (NOC) (सरकारी संस्थान/सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई/ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में कार्य करने पर अनिवार्य)

**ब. फोटोग्राफ फाइल प्रकार/आकार:**

i. फोटोग्राफ नवीनतम पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो होनी चाहिए.
ii. फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी और डायमेंशन 200X230 पिक्सल (अधिमानत:) तक होना चाहिए.
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. शांत चेहरे से सीधे कैमरे की तरफ देखे.
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें 'रेड आई' नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, कलर संख्या आदि के लिए स्कैनर की सेटिंग बदले.

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पैन से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे कोई दूसरा हस्ताक्षर न करें.
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां हस्ताक्षर करें.
iv. फाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानत:) हो.
v. यह सुनिष्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vi. अंग्रेज़ी के केपिटल लेटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**द. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी दस्तावेज पीडीएफ प्रारूप में हों.
ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक नहीं हो.
iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूंशन, कलर की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जाने योग्य हैं.

**य. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स पर इन्च) पर रखें.
ii. कलर को टू कलर पर सेट करें.
iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है
vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट सें जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्सल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**र. प्रलेख अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. प्रत्येक प्रलेख को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए जाएंगे. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
ii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iii. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
iv. आवेदन सबमिट करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
v. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
vi. **ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं.** फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. **फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.**

**च. सामान्य जानकारी:**

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्त वर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और कि उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है.

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, वैसे उम्मीदवार जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है, सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों.

iii. नियुक्ति की किसी भी अवस्था में यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसके नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं.

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

v. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाए जाने के अधीन है. इस तरह की नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो बैंक में भर्ती होने के समय लागू थे.

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई–मेल एवं मोबाईल फोन नंबर को सक्रिय रखें.

vii. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

viii. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियोजन प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

ix. उम्मीदवारों को उन्हीं के हित में यह सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर हैवी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

x. पात्रता, साक्षात्कार अन्य परीक्षाएं और चयन प्रक्रिया संबधी के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्राचार किया जाएगा.

xi. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

xii. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं है. बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शॉर्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार सुरक्षित है.

xiii. कई आवेदन होने की स्थिति में, अंतिम मान्य (भरा हुआ) आवेदन को ही रखा जाएगा. साक्षात्कार में एक पद के लिए एक उम्मीदवार द्वारा एकाधिक उपस्थिति को सरासरी तौर पर पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी/उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

xiv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाही मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xv. **बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कर दे.**

xvi. साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुध्द लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ–साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटीकरणों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.

यदि कोई पूछताछ करनी हो, तो कृपया "CONTACT US" इस लिंक पर हमें लिखें जो बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है.
(URL - https://bank.sbi/web/careers/post-your-query)

मुंबई
दिनांक: **07.06.2024**

**प्रिटिंग में यदि कोई त्रुटि हो, तो बैंक इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा.**
**विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.**

**महाप्रबंधक**
**(आरपी और पीएम)**

## आवेदन कैसे करें

https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉगिन करें

नीचे स्क्रॉल करें और संबंधित

विज्ञापन सं. **CRPD/RS/2024-25/08** पर क्लिक करें

**विज्ञापन डाउनलोड करें** (विस्तृत विज्ञापन ध्यान पूर्वक पढ़ें)

**ऑनलाइन आवेदन करें**

(अंतिम प्रस्तुतीकरण से पहले, कृपया अपना आवेदन अच्छी तरह पढ़ लें. अंतिम प्रस्तुतीकरण के बाद उसमें सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी)

